# फरीदाबाद में बाबा अमरनाथ के दर्शन से जनता अभिभूत

## मूविंग मॉडल्स ने किया मंत्रमुग्ध

**फरीदाबाद।** ब्रह्माकुमारीज़ के फरीदाबाद सेवाकेन्द्र द्वारा बाबा अमरनाथ आध्यात्मिक मेला का आयोजन दशहरा ग्राउंड में किया गया। इस आध्यात्मिक मेले में न केवल अमरनाथ दर्शन ही हुए बल्कि आकर्षक और मनमोहक अलग-अलग प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं महत्वपूर्ण स्टॉल्स भी लगाए गए। सतयुग की झाँकियों को मूविंग मॉडल्स के रूप में दर्शाया गया। झाँकियों के माध्यम से आनेवाली स्वर्णिम दुनिया की झलकियां दिखाई गई, जिसने लोगों को खूब आकर्षित किया। सर्व आत्माओं का पिता निराकार परमपिता परमात्मा शिव की झाँकी में दिखाया गया है कि ईश्वर का निराकार, ज्योतिर्बिन्दु प्रकाश स्वरूप ही ऐसा है जो सभी धर्मों में किसी न किसी रूप में माना गया है।





बाबा अमरनाथ आध्यात्मिक मेले का उद्घाटन करते हुए राज्यमंत्री गुज्जर, विपुल गोयल, एच.के.बत्रा, ब्र.कु.शुक्ला, ब्र.कु.अनुसुइया, ब्र.कु.उषा व अन्य। अमरनाथ मेले का विहंगम दृश्य।

**'आज का मानव अनेक बंधन में'** विषयक झाँकी में दिखाया गया कि आज का मानव किस प्रकार अनेक बंधन जैसे संबंधों का बंधन, कामकाज का बंधन, सरकार का बंधन, व्यसनों का बंधन आदि की वजह से तनाव का अनुभव करता है और दुःखी रहता है। **राजयोग की झाँकी** में दिखाया गया है कि कैसे राजयोग आत्मा को विभिन्न प्रकार के बंधनों से छुड़ाता है, हमारी कर्मेन्द्रियां वश में हो जाती हैं और शरीर में फैली नकारात्मक ऊर्जा खत्म होने लगती है।

### बर्फानी बाबा देखने उमड़ा जनसैलाब

मेले में आकर्षण का केन्द्र अमरनाथ की गुफा 35 फुट ऊँची पहाड़ी पर बनाई गई थी जिसमें बर्फ का शिवलिंग बनाया गया। अमरनाथ की इस अद्भुत झाँकी का दर्शन लगभग 4.5 लाख श्रद्धालुओं ने किया।

**व्यसनमुक्ति महायज्ञ की झाँकी** में दिखाया गया कि आज मानव विभिन्न प्रकार के व्यसनों से ग्रसित है। वह व्यसनों को अपने तनाव को कम करने का ज़रिया मानता है जो कि बिल्कुल गलत सोच है। इसी प्रकार की अन्य आध्यात्मिक एवं शिक्षाप्रद आकर्षक झाँकियों के माध्यम से जनमानस को संदेश देने का प्रयास किया गया।

अमरनाथ मेला के उद्घाटन अवसर पर अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुज्जर, विधायक विपुल गोयल एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन एच.के. बत्रा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत शिव की वंदना से की गई व इसके पश्चात् दीप प्रज्वलन द्वारा मेले का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ओ.आर.सी. की डायरेक्टर ब्र.कु. शुक्ला, फरीदाबाद एन.आई.टी. की सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्र.कु. उषा, ब्र.कु. अनुसुइया अन्य ब्र.कु. भाई बहनें मौजूद रहे।

# मंगलमय जीवन हेतु जोड़ो आशीर्वादों का सेतु

### 'दुआओं का दरिया' कार्यक्रम में बुजुर्गों का हुआ अद्भुत सम्मान

- 1500 से भी अधिक बुजुर्ग नागरिकों ने लिया भाग।
- जीवन में मंगल तभी हो सकता है जब हम बुजुर्गों का सम्मान करें - किरण चोपड़ा
- जीवन में अच्छा कार्य करने के लिए उम्र की सीमा नहीं - देवब्रथ दास
- जिस घर में बुजुर्ग हैं, वो घर तो जैसे छायादार वृक्ष है संसार के लिए - ब्र.कु. आशा
- जीवन में कुछ भी अच्छा करना है तो अभी से करें - ब्र.कु. बृजमोहन

**ओ.आर.सी.-गुड़गांव।** जब हमारे अंदर दृढ़ता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है तो संसार में कोई भी कार्य असंभव नहीं रह जाता। मैंने जीवन में अनेक प्रकार की शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थाएं देखी, लेकिन जैसा अनुभव इस ईश्वरीय विश्व-विद्यालय में हुआ वो अद्वितीय है। आज हम मंगल पर जीवन ढूंढ़ रहे हैं, लेकिन ज़रूरत है जीवन में मंगल की। जीवन में मंगल तभी हो सकता है जब हम बुजुर्गों का सम्मान करें। उक्त विचार किरण चोपड़ा,संस्थापक,वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब एवं निदेशिका पंजाब केसरी ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'दुआओं का दरिया' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय माँ-बाप और बच्चों के बीच अंतर को मिटाने के लिए सिर्फ समझदारी चाहिए। राजयोग के द्वारा ही उनकी सब समस्याओं का हल हो सकता है। ऐसे आध्यात्मिक एवं शक्तिशाली वातावरण में आये सभी बुजुर्गों ने बहुत ही खुशी, आनंद एवं प्रेम का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूँ कि केसरी क्लब द्वारा हर वर्ष वरिष्ठ नागरिकों का कार्यक्रम ओ.आर.सी में ही हो।

देवब्रथ दास,संयुक्त सचिव,नीति आयोग भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं काफी समय से ब्रह्माकुमारीज़ से जुड़ा हुआ हूँ। राजयोग से मेरे जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। जीवन में कोई भी अच्छा कार्य करने के लिए आयु की सीमा नहीं होती।

ब्र.कु.बृजमोहन,मुख्यसचिव, ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा कि जिस घर में एक भी बुजुर्ग होता है, उस घर का बहुत सम्मान होता है, लेकिन आज हमारे मध्य इतने बुजुर्ग आये हैं, जिससे कि हम अपने को बहुत-बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में दुःख का असली कारण मोह है, मोह के कारण ही हम किसी न किसी समस्या में फँस जाते हैं। जीवन में कोई भी अच्छा कार्य करना हो तो उसे आज ही करें। चाहे हमारे पास कुछ भी नहीं है, लेकिन समय और श्वास तो है, जिनका हम सदुपयोग कर सकते हैं।

ब्र.कु. आशा,निदेशिका ओ.आर.सी. ने बताया कि बुजुर्ग नागरिक एक छायादार वृक्ष की तरह होते हैं, जो सदैव हमारे सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद और दुआएं देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं युवाओं से हमेशा कहती हूँ कि अपने बुजुर्गों के साथ अवश्य समय बितायें, क्योंकि उनके अनुभव से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

डॉ. मोहित गुप्ता,हृदय रोग विशेषज्ञ ने सभी को बड़ी आयु में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों और स्वास्थ्य की सही देखभाल के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए जिस प्रकार व्यायाम की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन का व्यायाम भी ज़रूरी है। मन के व्यायाम के लिए हमें सदा सकारात्मक एवं सबके प्रति शुभ भावना व परमात्म स्नेही होना चाहिए।

डॉ.रूप सिंह,भिवाड़ी ने सभी को सदा खुश रहने के अनेक नुस्खे बताये। उन्होंने कहा कि खुशी के बराबर कोई खुराक नहीं है, खुश रहने वाला व्यक्ति ही समाज को कुछ दे सकता है। आज इंसान खुशी भौतिक चीज़ों में ढूंढ़ता है जबकि खुशी हमारे अंदर है। कार्यक्रम के द्वारा अनेक बुजुर्ग नागरिकों ने अपनी कलाओं का भी मंचन किया। कार्यक्रम का संचालन ओ.आर.सी. की ब्र.कु. मधु ने किया। कार्यक्रम में लगभग 1500 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।





वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित 'दुआओं का दरिया' विषयक कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. बृजमोहन। साथ हैं देवब्रथ दास, किरण चोपड़ा व डॉ. मोहित गुप्ता। सभा में उपस्थित हैं शहर के वरिष्ठ नागरिक जन।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510. सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,
Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info
सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक) कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।
RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 15th Oct 2015
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।